प0सं0–स्था0–1–ऑनलाइन प्रशिक्षण/2020–21/ 2963 /वाणिज्य कर

प्रेषक,

कमिश्नर, वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर, उ0प्र0।
समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 (वि0अनु0शा0)
वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।

लखनऊ:: दिनांक:: 25 सितम्बर, 2020

महोदय,

कृपया कमिश्नर वाणिज्य कर द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में आपके जोन में तैनात समस्त असिस्टेण्ट कमिश्नर (सचलदल) वाणिज्य कर को जी0एस0टी0 के सुसंगत प्राविधानों यथा उ0प्र0 माल एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के अनुपालन मे विभाग द्वारा विकसित किये गये ऑनलाइन मॉड्यूल्स, ई–वे बिल तथा करापवंचन की क्रियाविधि के साथ–साथ प्रवर्तन इकाईयों के मध्य समन्वय के सम्बन्ध में दो दिवसीय प्रशिक्षण, वैश्विक महामारी कोविड–19 को देखते हुए ऑनलाइन ऐप/वीडियो कान्फ्रेसिंग के द्वारा ही प्रदान किया जाना है।

समस्त सम्बन्धित अधिकारी अपने लोकेशन से मोबाइल, लैपटॉप अथवा डेस्कटॉप जिसमें वेबकैम हो के माध्यम से कनेक्ट होंगे। समस्त प्रशिक्षु अधिकारियों के मोबाइल नम्बर तथा ई–मेल आई0डी0 पर मीटिंग लिंक प्रेषित किया जा रहा है। यदि किसी अधिकारी को कनेक्ट होने में कोई समस्या आती है तो जोनल एडीशनल कमिश्नर के कार्यालय से ऑनलाइन कनेक्ट हो सकते हैं।

उपरोक्त वर्णित प्रशिक्षण मुख्यालय स्थित इन्फ्रास्ट्रक्चर /ऐप से कराया जाना है। आपके जोन के (सचलदल) इकाई में तैनात असिस्टेण्ट कमिश्नर व जिन इकाईयों में असिस्टेण्ट कमिश्नर तैनात नहीं हैं उन इकाईयों के प्रभारी वाणिज्य कर अधिकारी को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। अतः एतद्द्वारा इन अधिकारियों को प्रशिक्षण हेतु नामित किया जाता है।

उपरोक्तानुसार नामित अधिकारियों को दिनांक 28.09.2020 व दिनांक 29.09.2020 के दो दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन मुख्यालय पर स्थित इन्फ्रास्ट्रक्चर/ऐप के माध्यम से प्रदान किया जायेगा, जिस हेतु आप अपने जोन में ऑनलाइन प्रशिक्षण हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करें।

भवदीय,
25-09.2020
(डी0के0 सचान)
ज्वाइण्ट कमिश्नर (स्था0राज0)
वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अपर निदेशक (प्रशिक्षण), वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान गोमती नगर लखनऊ को सूचनार्थ।

2– ज्वाइण्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ को ऑनलाइन प्रशिक्षण की व्यवस्था करने हेतु व उक्त पत्र को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

ज्वाइण्ट कमिश्नर (स्था0राज0)
वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।